# राज्यपाल छत्रपति संभाजी नगर पहुंचे

## राज्यपाल श्री बागडे के बड़े भाई का निधन

जयपुर, 12 नवम्बर। राज्यपाल श्री  हरिभाऊ बागडे के बड़े भाई श्री अंबादास किसनराव बागड़े का 11 नवम्बर, मंगलवार रात्रि निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 नवम्बर बुधवार को प्रातः 11 बजे चित्ते पिंपलगाँव, छत्रपति संभाजी नगर, महाराष्ट्र में किया जाएगा।

राज्यपाल श्री बागडे बुधवार प्रातः ही जयपुर से रवाना होकर छत्रपति संभाजी नगर पहुंचे। राज्यपाल वहां अपने भाई के अंतिम संस्कार में भाग लेंगे।

-----

